आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–10 मार्च 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- सांख्यिकीय विश्लेषण के आधार पर प्रयागराज महाकुंभ के दौरान गंगा जल की गुणवत्ता स्नान के लिये पायी गयी उपयुक्त। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इस सम्बन्ध में एनजीटी को सौंपी रिपोर्ट।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ में युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत एक हजार सत्तर युवाओं को वितरित किये अड़तालीस करोड़ रूपये के ऋण। बोले– सरकार युवाओं की प्रगति में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करने को संकल्पित।
- संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से होगा शुरू। चार अप्रैल तक चलने वाले इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर होगी चर्चा।
- न्यूजीलैण्ड को हरा कर भारतीय क्रिकेट टीम ने चैम्पियन्स ट्रॉफी किया अपने नाम। जश्न में डूबे देश भर के खेल प्रेमी।

**********

प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान गंगा जल की गुणवत्ता को लेकर उठने वाले सवालों पर विराम लगाते हुए केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सांख्यिकीय विश्लेषण के आधार पर अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि पानी की गुणवत्ता स्नान के लिये बिलकुल उपयुक्त थी। बोर्ड की यह रिपोर्ट राष्ट्रीय हरित अधिकरण–एनजीटी को सौंपी गयी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अलग–अलग स्थानों से लिये गये नमूनों में भिन्नता देखी गयी थी और ये नमूने पूरे नदी क्षेत्र की समग्र गुणवत्ता को नहीं दर्शाते थे। सांख्यिकीय विश्लेषण में महाकुंभ के दौरान स्नान करने की दृष्टि से पानी की गुणवत्ता मानदण्ड के उपयुक्त थी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य सरकार युवाओं की प्रगति में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करने के लिये संकल्पित है। मुख्यमंत्री कल मेरठ में युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत मेरठ और सहारनपुर मंडल के एक हजार सत्तर युवाओं के अड़तालीस करोड़ रूपये के ऋण वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस योजना में अनुसूचित जाति–जनजाति और महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने डबल इंजन सरकार के आठ साल के कार्यकाल की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि नया उत्तर प्रदेश नये भारत का आधार बन रहा है।

***आज निवेश की कमी नहीं है, उद्योग लग रहे हैं, हर एक स्तर पर लग रहे हैं, हर जनपद में लग रहे हैं। 15 लाख करोड़ रूपये से अधिक के निवेश के प्रस्ताव को अब तक हम धरातल पर उतार करके बहुत सारे उद्योग ने प्रोडक्शन प्रारम्भ किया है और सात लाख से अधिक युवाओं को अब तक हम इन उद्योगों में सीधे नौकरी दे चुके हैं। साढ़े सात लाख युवाओं को हमने सरकारी नौकरी इस दौरान दी। एमएसएमई सेंटर को जिसका भारत का सबसे बड़ा आधार उत्तर प्रदेश के पास है उसको पुर्नजीवित किया गया है।***

इससे पहले मुख्यमंत्री ने मेरठ में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के निर्माण कार्य का जायजा लिया और कहा कि इसे अक्टूबर–नवम्बर तक राष्ट्र को समर्पित कर दिया जायेगा। श्री योगी ने कहा कि यह विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर तैयार हो रहा है और ओलम्पिक तथा कॉमनवेल्थ खेलों के लिए बेहतरीन खिलाड़ी देगा। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय का पहला सत्र इसी साल से शुरू करने की योजना है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि हरिद्वार और प्रयागराज को जोड़ने वाला गंगा एक्सप्रेस–वे भी जल्द शुरू हो जायेगा। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेस–वे दो कुंभ नगरियों हरिद्वार और प्रयागराज को जोड़ेगा। मुख्यमंत्री ने मेरठ के लोगों के लिये रैपिड रेल की सुविधा का भी उल्लेख किया।

***गंगा एक्सप्रेस वे दो कुंभ नगरी को भी जोड़ने का भी एक माध्यम बनने जा रही है कोई सोचता था देश का पहला टवेल्व लेन का एक्सप्रेस दिल्ली मेरठ के बीच में, और आज साकार हो गया। देश की पहली रैपिड़ रेल दिल्ली मेरठ के बीच, मेरठ के लोग जो दिल्ली रहते थे और अब वो मेरठ से ही अप डाउन कर रहे है।***

मेरठ दौरे पर मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले दस वर्षों में मेरठ ने देश की बेहतरीन कनेक्टिविटी हासिल की है।

**********

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कल देवरिया जिले के देसही ब्लॉक के धमऊर गांव में तीस बेड वाले नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और आवासीय भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्री शाही ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को स्वास्थ्य और चिकित्सा की बेहतरीन सुविधायें उपलब्ध करा रही है। सरकार का लक्ष्य दूर–दराज के गांवों में सामान्य–जन को इन सुविधाओं से आच्छादित करना है। देवरिया दौरे पर आये कृषि मंत्री ने जिले के पिपराधौला कदम में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का भी उद्घाटन किया।

**********

प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कल गौतमबुद्धनगर के ग्रेटर नोएडा में 'हायर इंडिया ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी मिशन' के तहत एयर कंडीशन फैक्ट्री की आधारशिला रखी। बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि इस फैक्ट्री के लग जाने से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

**********

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू होगा। सत्र का यह चरण चार अप्रैल तक चलेगा जिसमें बीस बैठकें होंगी। एक रिपोर्ट–

***बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान वित्तीय काम–काज के अलावा विभिन्न महत्वपूर्ण विधेयको पर भी चर्चा होगी। इनमें विधि संशोधन विधेयक, तटीय नौवहन विधेयक, आव्रजन और विदेशी विधेयक तथा रेलवे (संशोधन) विधेयक शामिल हैं। बजट सत्र का पहला चरण 31 जनवरी से शुरू हुआ जो 13 फरवरी तक चला। आनंद कुमार के साथ अमन यादव आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

मथुरा सहित समूचे ब्रज क्षेत्र में रंगोत्सव की धूम मची हुयी है। कल मथुरा के नंद गांव में पारम्परिक लठमार होली खेली गई। एक रिपोर्ट–

***समूचे बृज मण्डल में होली की घूम मची हुई है यहां नंदगाव में लठमार होली गई है और यहाँ देश विदेश से आये लाखो श्रद्धालुओं ने होली का आनन्द लिया यहाँ सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इन्तजाम किये गये। मुहम्मद उमर कुरैशी आकाशवाणी समाचार मथुरा।***

रंगोत्सव के मद्देनज़र राज्य के पर्यटन विभाग ने श्रद्धालुओं को सुविधा मुहैया कराने के लिए व्यापक तैयारी की है। बरसाना में राधारानी मंदिर तक पहाड़ी पर पहुंचने के लिए तीर्थयात्रियों के लिए रोपवे सेवा शुरू कर दी गई है।

**********

होली के अवसर पर तेरह और चौदह मार्च को स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों, नर्सिंग तथा पैरा मेडिकल स्टाफ को अवकाश नहीं मिलेगा। इमरजेंसी वार्डों में चिकित्सकों की तैनाती का रोस्टर तैयार किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक के अनुसार होली के दिन जिसकी जहां पर ड्यूटी है वे सभी वहां तैनात रहेंगे।

**********

श्रम मंत्रालय ने श्रमिकों से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ उठाने के लिए स्वयं को पंजीकृत कराने का अनुरोध किया है। इस योजना के तहत किसी संगठन के साथ काम करने वाले श्रमिक ई–श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण ऑनलाइन करा सकते हैं।

यह योजना देश के इकतीस हजार से अधिक सार्वजनिक और निजी पैनलबद्ध अस्पतालों में दूसरे और तीसरे श्रेणी के स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए प्रति परिवार हर वर्ष पांच लाख रुपये का कवरेज प्रदान करती है। केन्द्रीय बजट में ई–श्रम पोर्टल पर इनका पंजीकरण करने, पहचान पत्र जारी करने और स्वास्थ्य देखभाल का प्रावधान किया गया है।

**********

पाकिस्तान की मेजबानी में कल दुबई में खेले गये चैम्पियन्स ट्राफी के फाइनल मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैण्ड को चार विकेट से हरा कर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैण्ड की टीम ने निर्धारित पचास ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर दो सौ इक्यावन रन बनाये जवाब में भारतीय टीम ने एक ओवर शेष रहते मुकाबला जीत लिया। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने सर्वाधिक छिहत्तर रनों की कप्तानी पारी खेली और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। भारतीय टीम के चैम्पियन्स ट्राफी जीतते ही देश के खेल प्रेमी जश्न में डूब गये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चैम्पियन्स ट्रॉफी जीतने के लिये भारतीय टीम को बधाई देते हुए इसे असाधारण और ऐतिहासिक प्रदर्शन बताया है।

**********

लखनऊ में छब्बीस मार्च से तीस मार्च तक सैंतालीसवीं राष्ट्रीय जूनियर महिला हैंडबाल चैंपियनशिप का आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम में किया जाएगा। कल लखनऊ में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह जानकारी देते हुए यूपी हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव आनंदेश्वर पाण्डेय ने बताया कि चैम्पियनशिप का आयोजन एसोसिएशन की स्थापना के पचास वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चैम्पियनशिप में हैंडबॉल एकेडमी और बत्तीस राज्यों सहित तैंतीस टीमें भाग लेंगी।

**********